# भ्रष्टाचार के मामले में आप कांग्रेस से भी चार कदम आगे निकली : नायब सैनी

## कैथल में अभिनंदन समारोह में नायब सैनी के निशाने पर रही कांग्रेस और आम आदमी पार्टी

तेजयुग न्यूज़/कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी जैसा ताकतवर व्यक्तित्व ही ले सकता है। भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा भी मोदी ही कर सकते हैं।



भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कपिल कमल जिला कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को भी निशाने पर लिया। सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ाने के लिए प्रत्याशी ही नहीं है। भ्रष्टाचार के मामले में तो आम आदमी पार्टी कांग्रेस से भी चार कदम आगे निकल गई है। आम आदमी पार्टी की सरकार में हुए भ्रष्टचार पर तंज कसते हुए नायब सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार किया है तो ईडी सवाल तो पूछेगी ही। मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा के कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल के स्वागत समारोह का आयोजन जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर के नेतृत्व में किया गया था। समारोह में नवीन जिंदल का हाथ पकड़कर ऊपर उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उपस्थित जनसमूह से भारी बहुमत से जीताने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गठबंधन प्रत्याशी पर तंज कसते हुए कहा कि जो व्यक्ति राज्यसभा में नहीं गया और ना ही लोगों की आवाज उठाई, ऐसा व्यक्ति क्षेत्र का विकास नहीं करा सकता।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में हुए शराब घोटाला पर बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार करने वाले बहाने बनाकर जांच से नहीं बच सकते। जब गलत किया है तो जेल में जाना ही होगा। सीएम सैनी ने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है, 4 करोड़ गरीब लोगों को पक्के मकान बनाकर दिए हैं जिससे जनता का विश्वास मोदी सरकार में बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तो जनता भाजपा को 400 से अधिक सीटें देने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों ने भी 10 की 10 सीटें प्रचंड बहुमत से जीताकर मोदी की झोली में डालने का फैसला कर लिया है। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवीन जिंदल को कमल का फूल देकर कुरूक्षेत्र में भेजा है। मुख्यमंत्री ने नवीन जिंदल की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि




नवीन जिंदल समाजसेवा के कार्यों में सदा आगे रहते हैं। करोनाकाल में भी नवीन जिंदल ने आगे बढ़कर लोगों की सेवा की है, अब हमारी भी जिम्मेदारी है कि बड़े मार्जिन से नवीन जिंदल को जिताकर लोकसभा में भेजें। आयोजित समारोह में बोलते हुए भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने कहा कि मेरा यहां से तीस साल पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि मेरे भाजपा में आने से लोगों में खुशी है और लोग बोलते हैं कि सही पार्टी का चयन किया है। जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खुले दिल से उन्हें अपनाया और जनता की सेवा करने का मौका दिया, जिसका मैं आभारी हूं।

नवीन जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर गर्व है, पीएम मोदी ने 10 सालों में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किए हैं। स्वच्छता अभियान, रोजगार, सड़कें, एयरपोर्ट, रेल नेटवर्क और घर-घर शौचालय, हर घर नल से जल देकर जीवन को सरल बनाया है। उन्होंने कहा कि धारा-370 हटाने, अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनाकर रामलला विराजमान करने जैसे ऐतिहासिक काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव हो पाए हैं। जिंदल ने कहा कि मैं कई देशों में गया हूं, वहां के लोग भी हमारे प्रधानमंत्री की तारीफ करते हैं। इस मौक पर राज्यमंत्री सुभाष सुधा, विधायक लीलाराम, जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, चेयरमैन कैलाश भगत, पूर्व विधायक दिनेश कौशिक, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, जिला परिषद के वाइस चेयरमैन कर्मबीर कौल, मुनीष शर्मा पार्षद, कमलेश शर्मा पार्षद, ईशम सिंह साकरा, शमशेर जड़ौला, ईश्वर साकरा, जसवंत पठानिया, राजरमन दीक्षित, भीमसेन, राव सुरेंद्र, मनीष कठवाड़, रवि तारांवाली, जयपाल सैनी, अरूण सर्राफ, सुरेश, रामपाल, रामप्रताप, प्रवीण प्रजापति, सुरेश क्योडक, बलविन्द्र जांगड़ा, रामरूप बाले, शमशेर सैनी, सुरेश राविश, राजकमल ढांडा, एडवोकेट राजबीर कादियान, शैली मुंजाल, ज्योति सैनी, धीरेंद्र क्योड़क आदि मौजूद रहे।

# राजनीति में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला, केवल सत्ता हथियाने तक सीमित है सोच : रणदीप आर्य

## कहा, जिन लोगों को जेल में डालने की बात कर रही थी भाजपा, आज उन्ही को बना रही उम्मीदवार

तेजयुग न्यूज़/कृष्ण प्रजापति



**कैथल :** भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रवक्ता रणदीप आर्य फरल ने कहा कि इंटरनेशनल ट्रांसपेरेंसी रिपोर्ट के अनुसार भारत 180 देशों में से भ्रष्टाचार के मामले में 93 वें नंबर पर है जबकि हमारे नेता जीरो टॉलरेंस पॉलिसी व भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र का दावा करते हैं।

इस समय जितने भी राजनीतिक दल हैं, लगभग सभी का आधार ही लूटखसोट व समाज को गुमराह करना है, इन पार्टियों के भाव को हमें पहचानना है और जो बेस्ट नेता, चुनाव में ही खड़ा हो उसका चुनाव करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का पर्व चुनाव देशभर में होने वाला है। इस चुनाव में हम सभी को राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए अच्छे, बेस्ट, ईमानदार नेताओं का चयन करना चाहिए ताकि ईमानदार नेतृत्व देश में जनता की सेवा ईमानदारी से करे।

रणदीप आर्य ने कहा कि देखा जा रहा है कि पूरे देश में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विषय और इलेक्ट्रोल बॉन्ड का विषय चल रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि अरविंद केजरीवाल व उसकी टीम आबकारी नीति व शराब घोटाले में दोषी है। रणदीप आर्य ने कहा कि इसी प्रकार इलेक्ट्रोल बॉन्ड के विषय में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री भी इसी प्रकार संलिप्त और दोषी हैं जिस प्रकार अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति में। उन्होंने कहा कि आखिर देश व समाज जाए तो जाए कहां।

किसान नेता ने कहा कि भाजपा कहती थी कि घोटालों में शामिल नेताओं में जेल में भेजेंगे परन्तु अजीत सिंह, हेमंत विश्व शर्मा, नवीन जिंदल, भूपेंद्र हुड्डा, धीरू शाहू, दुष्यंत चौटाला, जनार्दन रेड्डी सहित ऐसे बहुत सारे नेताओं की एक सूची है जोकि बीजेपी में शामिल हुए तो पाक व साफ होकर भाजपा के उम्मीदवार बन रहे हैं, वाशिंग मशीन में धूल कर सही व ईमानदार बन गए। रणदीप फरल ने कहा कि देश का कॉरपोरेट वर्ग व राजनेता लोग जनता का धन लूटकर स्विस बैंक में ले जा रहे हैं, इसका हल केवल और केवल एक है कि हम सभी समाज के लोग अपने बीच में से ईमानदार अच्छे लोगों को नेतृत्व के लिए चुने जो भावी पीढ़ी के लिए कार्य कर सके।

# पूर्णिमा वंदन में कुलदेवी माँ लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन जी की आरती की गई

तेजयुग न्यूज़/नरेश गर्ग

**लाडवा :** शहर की सामाजिक संस्था श्री अग्रवाल सभा की तरफ से महाराजा अग्रसेन चौक पर कुलदेवी माँ लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन जी की आरती की गयी। सभा के महासचिव विकास सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभा की तरफ से युवा इकाई व महिला इकाई के साथ मिलकर हर माह की पूर्णिमा को पूर्णिमा वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन चौक पर कुलदेवी माँ लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन जी की आरती की जाती है जिसके अंतर्गत आज की गयी आरती में रामकुंडी प्रधान व पार्षद रोहित गर्ग और रोटरी क्लब के प्रधान अंकुर गुप्ता अपने परिवार सहित मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए व आरती कर प्रसाद वितरण किया।



आरती से पहले मुख्य यजमानों द्वारा माँ लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभा के प्रधान दुर्गेश गोयल ने इस कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इससे न केवल कुलदेवी माँ लक्ष्मी व अग्रकुल संस्थापक महाराजा अग्रसेन जी की आराधना होगी बल्कि समाज में भी भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलेगा जिससे समाज एकजुट होकर कई तरह के विकास कार्य करने में सक्षम होगा। महाआरती के इस आयोजन पर सभा की तरफ से मुख्य यजमानों को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

आरती के पश्चात मुख्य यजमान रोहित गर्ग व अंकुर गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से शहर में सकारात्मक विचारों का प्रचार प्रसार होता है और आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति व सभ्यता के बारे में भी ज्ञान होता है इसलिए इस तरह के आयोजन का बीड़ा उठाने के लिए सभा के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ अमृत गर्ग, नीरज गोयल, सुरेंदर गर्ग, मोनिका गर्ग, सतीश गुप्ता, दुलारी गर्ग, स्वाति गुप्ता, कृदय व कुंवर सिंघल सहित सभा के अन्य सदस्य व समाज के लोग उपस्थित थे।

## संगरूर नकली शराब' मामले की जांच के लिए पंजाब पुलिस का गठन

**चंडीगढ़ :** संगरूर नकली शराब केस के पीछे काम करते समूचे गठजोड़ का पर्दाफाश करने के लिए, पंजाब पुलिस ने शनिवार को इस केस में पेशेवर और वैज्ञानिक ढंग के साथ अगली-पिछली कड़ियों की विधिवत पड़ताल और छानबीन करने के मद्देनज़र एक चार सदस्यीय विशेष जांच टीम ( एस. आई. टी.) का गठन किया है। चार सदस्यीय विशेष जांच टीम ( एस. आई. टी.) का नेतृत्व एडीजीपी लॉ एंड आर्डर गुरिन्दर सिंह ढिल्लों कर रहे हैं, जबकि डी. आई. जी. पटियाला रेंज हरचरन सिंह भुल्लर, एस. एस. पी. संगरूर सरताज चाहल और अतिरिक्त कमिशनर (आबकारी) नरेश दुबे इसके मैंबर हैं। ज़िक्रयोग्य है कि ज़िला संगरूर की पुलिस ने थाना दिढ़बा के क्षेत्र में नकली शराब बेचने वाले आठ मुलजिमों को पहले ही गिरफ़्तार करके उनके कब्ज़े से बड़ी मात्रा में नकली शराब और नकली शराब बनाने और लेबलिंग करने के लिए इस्तेमाल किया जाना वाला अन्य साजो-सामान बरामद किया है।

# पुंडरी में कार्यकर्ताओं की 29 मार्च को बैठक लेंगे अभय सिंह चौटाला : रामचन्द्र करोड़ा

## कहा, सभी कार्यकर्ता व आमजन करेंगे इनेलो को मतदान

तेजयुग न्यूज़/कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** इनेलो लोकसभा उम्मीदवार चौधरी अभय सिंह चौटाला 29 मार्च को पुंडरी हल्के के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे और कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी को दिशा-निर्देश देंगे, उपरोक्त जानकारी देते हुए इनेलो एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र करोड़ा ने बताया कि 29 मार्च को पुंडरी में आयोजित कार्यकर्ता बैठक को लेकर सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा हल्के के विभिन्न गांवो का दौरा किया जा रहा है और लोगों को जनसभा में पहुंचने का निमंत्रण दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा उम्मीदवार बनने के बाद चौधरी अभय सिंह चौटाला पहली बार पुंडरी पहुंच रहे है और कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श करने के लिए उनकी बैठक ले रहे हैं। इनेलो के वरिष्ठ नेता



रामचंद्र करोड़ा ने कहा कि पिछले काफी सालों से प्रदेश विकास के मामले में पिछड़ चुका है और विकास को गति देने के लिए प्रदेश की जनता अबकी बार हरियाणा में पूर्ण बहुमत की इनेलो सरकार बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा चौधरी अभय सिंह चौटाला एक ऐसे प्रखर नेता साबित हुए हैं जो सभी वर्गों की आवाज न केवल विधानसभा में बल्कि हर मोर्चे पर भी बुलंद करने का काम कर रहे हैं।

करोड़ा ने कहा कि पिछले 2004 के चुनावो में चौ. अभय सिंह चौटाला ने कुरुक्षेत्र लोकसभा का चुनाव लड़ा था, उस हार का बदला लेने के लिए सभी कार्यकर्ता और जनता अब एक-एक वोट इनेलो के पक्ष में डालेंगे। इस मौके पर उनके साथ फूल सिंह प्रधान किसान सेल, युवा प्रधान विजय बन्दराना, युवा प्रधान शहरी शुभम हजवाना, हल्का प्रधान एससी सेल सुभाष फतेहपुर, ओम प्रकाश कैरा, सोनू शर्मा संगरौली, बलकार सिंह आईटी सैल प्रधान, सुरजीत पबनावा, पूर्व प्रधान राम प्रकाश गोगी, श्यामलाल, जोधाराम, बंटी चौहान, कृष्ण, राजेश पुंडरी जोन प्रभारी भी उपस्थित रहे।

# लाडवा में उतरी हरियाणा पत्रकार एसो. ने मनाया होली मिलन समारोह



तेजयुग न्यूज़/नरेश गर्ग

**लाडवा :** लाडवा रादौर मार्ग एक निजी होटल पर शहर की उतरी हरियाणा पत्रकार एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें हरियाणा के राज्य मंत्री सुभाष सुधा नगर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, तो वही वशिष्ठ अतिथि के रूप में नपा प्रधान साक्षी खुराना, भाजपा नेता संदीप गर्ग व लाडवा हलके के पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की।

संगठन के प्रधान विनोद खुराना ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन द्वारा हिल होली मिलन समारोह किया गया जिसमें राज्य मंत्री के साथ लाडवा, बाबैन के पत्रकार सहित अनेक लोगों ने फूलों की होली खेली। वही बाहर से आए कलाकारों द्वारा नृत्य भी किया गया। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने पत्रकारों व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक बार से फिर मोदी सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि अभी तो आचार संहिता लगी हुई है और लोकसभा चुनाव के बाद कुरुक्षेत्र जिले में सामान व तेज गति से विकास कार्य करवाए जाएंगे। वहीं उन्होंने कहा कि लाडवा हलके के नगर पालिका के जो भी अधूरे काम पड़े हैं, उन्हें बुलेट ट्रेन की तेजी से करवाया जाएगा।

वहीं मौके पर नेता भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार फिर से मोदी सरकार का बनना तय है और इस बार के चुनाव में भाजपा की 400 से भी अधिक सीट आएंगे, वहीं पूरा विधायक डॉक्टर पवन सैनी ने भी भाजपा सरकार की नीतियों के बारे में जमकर बखान किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथियों को संगठन की ओर से समृति चिनह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद अमित खुराना, राजु खुराना, राकेश गर्ग, पुरोहित आनंद सहित लाडवा व बाबैन के पत्रकार कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## आपदा में अहम भूमिका निभाएंगे आपदा मित्र : रेनु फुलिया

**चंडीगढ़ :** भारतीय रैड क्रास समिति, हरियाणा राज्य शाखा द्वारा पंचकूला में राज्य स्तरीय रैड क्रॉस आपदा मित्र डिजास्टर रिस्पांस ट्रेनिंग कैंप जो लक्ष्मी भवन धर्मशाला माता मनसा देवी कॉम्प्लेक्स, पंचकूला में पिछले 5 दिनों से चल रहा था का आज समापन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रेनु फुलिया , (आई.ए.एस) मंडल आयुक्त, अम्बाला तथा विशिष्ट अतिथि श्री सुशील सारवान उपायुक्त पंचकूला द्वारा शिरकत की गई। इस अवसर पर डॉ. मुकेश अग्रवाल, महासचिव, भारतीय रैड क्रॉस समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया, उन्होंने रैड क्रॉस द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों एवं उपलब्धियों को सांझा किया, उन्होंने कहा की जूनियर रेड क्रॉस, यूथ रैड क्रॉस वॉलिंटियर को रैड क्रॉस शिविरों के माध्यम से फर्स्ट एड एवं होम नर्सिंग की ट्रेनिंग , रक्तदान, सड़क सुरक्षा , अंगदान, पर्यावरण, आपदा प्रबंधन व नशा मुक्ति आदि विषयों के बारे में जानकारी दी जाती है। इस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया की प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़ आदि में रैडक्रॉस के स्वयंसेवक हमेशा अपना योगदान देते हैं।

# लाडवा बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम के साथ मनाया गया होली पर्व



तेजयुग न्यूज़/नरेश गर्ग

**लाडवा :** लाडवा के बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम एवं अन्नक्षेत्र में होली का त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। वृद्धाश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने बताया कि उन्होंने अपने घर परिवार से दूर रह रहे बजुर्गो के साथ पहली बार भव्य स्तर पर होली मनाई। उन्होंने बताया कि पहली बार उनको मुस्कराते, हंसते और नाचते देखकर सभी की आंखों में खुशी के आंसू थे। अपने परिजनों से दूर होने के कारण आज तक हमेशा बुजुर्गो के चिंतित निराशा वाले चेहरे ही देखे थे, पर वृद्धाश्रम के पदाधिकारी व सदस्यों और कर्मचारियों ने फूलो और रंग गुलाल लगाकर बुजुर्गो को उन्हें अपने घर में होने का एहसास कराया।

आश्रम के सभी सदस्य उनको खुश देख कर बहुत प्रसन्न हुए। सदस्यों ने प्रत्येक बुजुर्ग को रंग गुलाल लगाया और मिठाई खिलाई, तो बुजुर्गो ने भी सदस्यों को रंग गुलाल लगाकर आशीष दी। उन्होंने बताया कि होली के गीतों पर आश्रम के सदस्यों व बुजुर्गो ने मिलकर रंग गुलाल उड़ाया और खूब नृत्य किया। वहीं सभी ने बुजुर्गो के साथ मिलकर भोजन भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### होली के त्यौहार से हमें आपसी भाईचारे व समाज में समरसता का संदेश प्राप्त होता है : संजीव सिंगला




**बाबैन,(राजेश कुमार) :** रंगों का त्यौहार होली बाबैन मे धूम-धाम से मनाया गया। खेड़ा मंदिर कमेटी बाबैन की ओर से होली के पावन पर्व पर होली का पूजन किया गया जिसमे पंड़ित बलिन्द्र शर्मा व पंड़ित संजीव शर्मा ने पूजन करवाया व महिलाओं ने अपने बच्चों की लम्बी आयु की कामना की। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप मे पधारे सरपंच संजीव सिंगला ने कहा कि होली के त्यौहार से हमें आपसी भाईचारे व समाज में समरसता का संदेश प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अनेक रंग मिलाकर एक हो जाते हैं उसी प्रकार हमें भी आपसी विरोध को भूलाकर एक हो जाना चाहिए। पंड़ित बलिन्द्र शर्मा व पंड़ित संजीव शर्मा ने कहा कि होलिका दहन से शुरू होकर बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया जाता है. अगले दिन, लोग हल्दी, नीम, कुमकुम आदि जैसे प्राकृतिक स्रोतों से बने रंगों से खेलते है। होली के दिन लोग बड़ों से आशीर्वाद भी लेते हैं और खुशी के साथ एक-दूसरे को शुभकामनाएं भी देते हैं और एकदूसरे को रंग लगाते है। इस अवसर पर खेड़ा माड़ी मन्दिर के प्रधान रामऋषि सैनी, सरपंच संजीव सिंगला,पूर्व सरपंच विश्वजीत बिन्दल, जितेन्द्र गर्ग, जयपाल पांचाल, राकेश अग्रवाल,रामपाल सैनी,मनोज धवन,संजय शर्मा, डा. फकीरचंद शर्मा, प्रवीण शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, रामपाल सैनी, राम सिंह, रामकुमार सैनी, ईश्वर सिंगला, सुरेश गर्ग, राजेश सैनी, गुरचरण सैनी, अनिल शर्मा, देव कालड़ा व भारी संख्यां मे ग्रामीण उपस्थित रहे।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि वरदानी भवन बाबैन में मनाया गया होली का त्यौहार



**बाबैन,(राजेश कुमार) :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वरदानी भवन बाबैन में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सभी को इस पावन पर्व के निमित्त रंग का टीका लगाया गया। इस अवसर पर सेंटर इंचार्ज बी के ज्योति बहन ने बताया कि परमपिता परमात्मा शिव ने हमें होली शब्द के तीन अर्थ बताये हैं। इनमें होली अर्थात बीती सो बीती, जो हो गया उसकी चिंता न करो तथा आगे के लिए जो भी कर्म करो, योगयुक्त होकर करो, दूसरा होली अर्थात हो गई। मैं आत्मा अब ईश्वर अर्पण हो गई, अब जो भी कर्म करना है, वह ईश्वर की मत पर ही करना है, तीसरा होली अर्थात पवित्र। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर सभी भाई बहनों ने फूलों कि होली खेली ,कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्यार के सच्चे रंग में झूम उठे । इस अवसर पर बी के निर्मल नीरज,बुद्ध राम, सुरमख सिह, रघबीर सिंह,सुनील कुमार,मुकेश कुमार, गौरव गर्ग जगमोहन,जोनी चहल,सुमन, अंजलि,परवीन, रजनीश, जसविंद्र, शशी, कमलेश,राजरानी, रितु,किरण, दिशिका, आश्रय, पुष्पा व अन्य भाई बहन मौजूद रहे।

### हिंदू हाई स्कूल में मनाया गया होली उत्सव



**लाडवा :** लाडवा के हिंदू हाई स्कूल में होली का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हिंदू हाई स्कूल के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन गर्ग ने समस्त हिंदू हाई स्कूल परिवार को होली की बधाई दी। पवन गर्ग ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार पारंपरिक रूप से दो दिन मनाया जाता है। वहीं खेतों में सरसों की फसल खिल उठती है। फूलों की आकर्षक छटा खूब खिलती है। खेतों में गेहूं की बालियां इठलाने लगती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे त्योहार ही हमारे अंदर हर्ष और उल्लास का संचार करते हैं, हमारा विद्यालय समाज में निस्वार्थ भाव से काम करने के लिए अनेक संस्कार देने का कार्य कर रहा है। वहीं प्रिंसिपल योगिता अहलूवालिया ने समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ मिलकर फूलों व गुलाल के साथ होली का त्यौहार मनाया और सभी विद्यार्थियों को उचित मार्ग पर चलने का संदेश दिया। वहीं मौके पर स्कूल स्टाफ उपस्थित था।